# वार्षिक परीक्षा, 2017-18

## हिन्दी II

**समय : 2½ घण्टे** **कक्षा-11** **पूर्णांक : 45**

1. निम्नलिखित अवतरणों का संदर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद करिए-

(क) ऋषेः भरद्वाजस्य आश्रमः अपि अत्रैव अस्ति। यत्र पुरा दशसहस्रमिताः विद्यार्थिनः अधीतिनः आसन्। पितु आज्ञां पालयन् पुरुषोत्तमः श्रीरामः अयोध्यायाः वनं गच्छन् कुत्र मया वस्तव्यम्। इति प्रष्टुम अत्रैव भरद्वास्य समीपम् आगतः। चित्रकूटमेव त्वन्निवासयोग्यम् उचितं स्थानम् इति तेनादिष्टः रामः सीतया लक्ष्मणेन च सह चित्रकूटम् अगच्छत्।

अथवा

भारतदेशस्य सुविस्तृतायाम् उत्तरस्यां दिशि स्थितो गिरिः पर्वताराजो हिमालयः इति नाम्नाभिधीयते जनैः। अस्य महोच्चानि शिखराणि जगतः सर्वानपि पर्वतान् जयन्ति। अतएव लोका एनं पर्वतराजं कथयन्ति। अस्योन्नतानि शिखराणि सदैव हिमैः आच्छादितानि तिष्ठान्ति। अतएवास्य हिमालय इति हिमगिरिरित्यपि च नाम सुप्रसिद्धम्।

(ख) विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव।
यद् भद्रं तन्न आसुव॥

अथवा

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्या योगेन रक्ष्यते।
मृजया रक्ष्यते रूपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते॥

2. निम्नलिखित सूक्तियों में से किसी एक की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए-

(क) उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरन्निबोधत।

(ख) महात्मनामुपदेशामृतेनात्मानं पावयन्ति।

(ग) अकीर्तिं विनयो हन्ति।

3. निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों में से किन्हीं दो का अर्थ लिखकर अपने वाक्यो में प्रयोग कीजिए-

(क) अपना उल्लू सीधा करना।

(ख) ईद का चाँद होना।

(ग) अधजल गगरी छलकत जाय

(कृ. प. उ.)



(घ) जहाँ चाह वहाँ राह

(ङ) धोबी का कुत्ता न घर का न घाट का

4.(क) निम्नलिखित शब्दों के सन्धि विच्छेद के सही विकल्प का चयन करिए-

(i) विद्यालय का सन्धि विच्छेद है-

(अ) विद्या+आलय (ब) विद्य+आलय

(स) विद्या+अलय (द) विद्य+आलय

(ii) पवनम् का सन्धि विच्छेद है-

(अ) प+अनम् (ब) पो+अनम्

(स) पव+नम् (द) प+वनम्

(ख) निम्नलिखित शब्द युग्मों का सही अर्थ चुनकर लिखिए-

(i) अनल-अनिल

(अ) जल और वायु (ब) अग्नि और वायु

(स) पृथ्वी और आकाश

(ii) अन्न-अन्य-

(अ) भोजन और अनेक (ब) गेहूँ और वह

(स) अनाज और दूसरा

(ग) निम्नलिखित में से किसी एक शब्द के दो भिन्न अर्थ लिखिए-

कपि, कृष्ण, गुरु

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्द समूहो के लिए एक-एक शब्द लिखिए-

(अ) जिसकी कल्पना न की जा सके।

(ब) जो दिखाई न दे।

(स) जो व्यक्ति जन्म न ले।

(द) गोद लिया हुआ पुत्र

(ङ) निम्नलिखित शब्द रुपों में से किसी एक की विभक्ति व वचन लिखिए-

(अ) आत्मना (ब) राजभ्याम्

(स) सरिता (द) आत्मसु

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए-

(अ) भगतसिंह का देश सदा आभारी रहेगा।

(ब) मुझे केवल दस रुपये मात्र मिले।

(स) अध्यापक से संस्कृत पढ़ाई है।

(द) प्रधानाचार्य अध्यापक को बुलाये।

5.(क) श्रृंगार अथवा हास्य रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

(ख) अनुप्रास अथवा यमक अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

(ग) दोहा अथवा चौपाई छन्द की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

6. अपने नगर पालिका अध्यक्ष को अपने मौहल्ले की सफाई व्यवस्था ठीक कराने के लिए पत्र लिखिए।

7. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए-

(क) मेरा प्रिय कवि

(ख) गंगा प्रदूषण

(ग) विज्ञान वरदान है अथवा अभिशाप

(घ) कम्प्यूटर का हमारे जीवन में महत्व